# उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, इटावा क्षेत्र।

## निविदा आमंत्रित सूचना

डिपो कार्यशाला–बेवर/छिबरामऊ डिपो
(डीजल वाहन(साधारण/एसी))

निविदा सं0: 522/इ0आर0/से0प्र0/निविदा/वाह्रय श्रोत मरम्मत/26 दिनांक 12.05.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेज की प्रारम्भ बिक्री दिनांक | 13.05.2026 |
| 2 | निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम दिनांक | 28.05.2026 समय 14:00 बजे तक |
| 3 | निविदा (लिफाफा अ) चरण–01 टेक्नीकल विड खोले जााने की दिनांक | 28.05.2026 समय 15:30 बजे के बाद |
| 4 | चरण–01 में योग्य पायी गयी निविदाओं की वित्तीय विड खाले जाने की दिनांक | लिफाफा (अ) चरण–01 टेक्नीकल विड, पर निर्णय के उपरान्त/खोले जाने के बाद |

निविदाकार के हस्ताक्षर
(मुहर सहित)

जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर
(मुहर सहित)

बेवर डिपो ◯

छिबरामऊ डिपो ◯

**इटावा क्षेत्र की बेवर/छिबरामऊ (प्रत्येक कार्यशाला हेतु अलग–अलग) कार्यशालाओं में निगम की <u>लीलैण्ड/टाटा/आयशर</u> वाहनों के कि०मी० के आधार पर मरम्मत कार्य आउट सोर्सिंग के माध्यम से कराये जाने के सम्बन्ध में आमंत्रित निविदा**

निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश/अन्य कारण होने की दशा में निर्धारित तिथि के अगले कार्य दिवस को कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। फर्म को एक बडे सील बन्द लिफाफे में 02 छोटे अलग–अलग सील बन्द **लिफाफे अ** में फर्म को अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीयन कैन्सिल चैक, अनुभव आदि सभी महत्वपूर्ण प्रपत्र स्वयं हस्ताक्षरित/छायाप्रतियां सहित उपलब्ध कराना होगा तथा **लिफाफे ब** मे फर्म को BOQ पर अपनी दरें अंकित कर उपलब्ध कराना होगा। यदि किसी फर्म के **लिफाफे अ** में प्राप्त दस्तावेज सही नही पाये जाते है **<u>तो उस फर्म का लिफाफा (ब) खोलने हेतु विचार नही किया जायेगा।</u>** बडे/छोटे लिफाफो पर निविदा संख्या एवं विषय अवश्य अंकित किया जायें। निविदा **<u>प्रति किमी के आधार पर</u>** आमंत्रित की जा रही है।

**<u>निविदा में भाग लेने हेतु आवश्यक/अनिवार्य अर्हतायें :–</u>**

1. किसी S.T.U. में टैकनीकल मैनपावर सप्लाई करने का एक वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र।

**अथवा**

किसी शासकीय विभाग अथवा निगम में तकनीकी जॉव वर्क हेतु मैनपावर सप्लाई करने का एक वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र।

**अथवा**

<u>लीलैण्ड/टाटा/आयशर</u> की अधिकृत कार्यशाला अथवा ओ0ई0 फर्म द्वारा अधिकृत कार्यशाला होंने का प्रमाण पत्र।

2. पैनकार्ड की स्वप्रमाणित प्रति।
3. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति।
4. प्रोपराईटर/अधिकृत व्यक्ति का प्रमाण–पत्र।
5. निविदा कर्ता फर्म की विगत 01 वर्ष की आई0टी0आर0 (अन्तिम वर्ष) (स्वप्रमाणित)
6. ई0एस0आई0 रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र(स्वप्रमाणित)।
7. श्रम विभाग के पंजीयन होने का प्रमाण–पत्र(स्वप्रमाणित)।
8. पी0एफ0 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (स्वप्रमाणित)।
9. जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र(स्वप्रमाणित)।
10. ब्लैलिस्ट न होने का शपथ–पत्र 100 रू०(निविदा प्रकाशन के बाद का)
11. चेक लिस्ट फार्म–अ पूर्ण भरकर हस्ताक्षरित कर देना अनिवार्य होगा। (मांगे गये प्रपत्रों के अतिरिक्त अन्य प्रपत्रों को अपलोड/सम्मिट नही करें अन्यथा तकनीकी बिड में अनर्ह (डिस्क्वालीफाईड) कर दिया जायेगा।

**<u>निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते निम्नवत् होगीं :–</u>**

1. वर्तमान में निगम बेडे में बी०एस०–6 एवं अत्याधिक लेटेस्ट मॉडल वाहनों की संख्या बढायी जा रही है अतः फर्म द्वारा बीएस.6 वाहनों एवं लेटेस्ट वाहनों की मरम्मत हेतु विशेष रूप से दक्ष कार्मिकों द्वारा उचित गुणवत्तापुर्ण, समयान्तर्गत मरम्मत कार्य कराया जाना अनिवार्य होगा। वर्तमान में दोनो डिपो में बसों की संख्या 85 है।(बेवर डिपो 55, छिबरामऊ डिपो 30),(भविष्य में संख्या घट–बढ सकती है)
2. समस्त प्रपत्र ई–निविदा पोर्टल एवं हार्ड कॉपी में पेजिंग सहित प्राप्त कराना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर निविदा अस्वीकार की जायेगी।
3. निविदा में भागीदारी करने वाली फर्म के पास उपरोक्त आवश्यक/अनिवार्य अर्हतायें होना चाहिए।
4. निविदाकर्ता द्वारा प्रत्येक उददेश्य के लिये लगाये गये कार्मिक निविदाकर्ता के ही कार्मिक माने जायेगे। उनके देयकों के भुगतान तथा फण्ड/बीमा आदि की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी।
5. यदि किसी कार्मिक को कार्य करते समय अथवा कार्य पर आते जाते समय चोट लगती है तो उसके इलाज एवं क्षतिपूति की भर–पायी की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी।



Scanned with OKEN Scanner

6. फर्म द्वारा किया जाने वाला कार्य, तय समय सीमा में निविदाकर्ता को करना होगा। कार्य में विलम्ब होने अथवा कार्य सही न हाने पर निविदाकर्ता को आर्थिक दण्डित किया जा सकता है। दण्ड का निर्धारण डिपो समिति की अनुशंसा पर सेवा प्रबन्धक द्वारा किया जायेगा।

7. G.S.T. एवं अन्य कर देयताओं की जिम्मेदारी फर्म/निविदाकर्ता की होगी तथा नियमानुसार आयकर (T.D.S.) की कटौती, भुगतान के समय फर्म के बिलों से की जायेगी।

8. सभी प्रकार के करों/विधिक देयताओं के जमा कराये जाने के प्रमाण पत्र, त्रैमासिक–वार कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा इसके अभाव में फर्म को भुगतान नहीं किया जायेगा।

9. फर्म प्रतिनिधि द्वारा, प्रतिदिन किये गये कार्य का निरीक्षण सीनियर फोरमैन/प्रभारी फोरमैन से कराना अनिवार्य होगा। फर्म द्वारा प्रतिदिन किये गये कार्य का पूर्ण विवरण एक रजिस्टर में रखना होगा, जिसे समय–समय पर अधोहस्ताक्षरी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा मांगने पर निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करना होगा।

10. फर्म द्वारा कार्य पर लगाया गया कोई भी कार्मिक शारीरिक रूप से कमजोर/बीमार अथवा नाबालिग नहीं होना चाहिये।

11. कार्य हेतु समस्त कार्यशालाओं में इलैक्ट्रीसिटी, मेजर टूल्स/प्लाण्ट्स/मशीनरी निगम द्वारा प्राप्त कराये जायेगें एवं सभी मिनी (हैण्ड) टूल्स फर्म द्वारा अपने व्यय पर लाने होगें।

12. किसी एक डिपो में विभिन्न फर्मों द्वारा जो दरें प्राप्त करायी जायेगी, उनमें से कार्य आदेश हेतु न्यूनतम दर ही मान्य होगी एंव सम्बन्धित फर्म/व्यक्ति को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व इस आशय की सहमति प्रदान करनी होगी, कि वह उक्त न्यूनतम दरों पर ही कार्य करने में सहमत हैं। ऐसा न करने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है।

13. BOQ में दर प्रति किमी के आधार पर रखनी होगी। यदि कार्य के लिये एक से अधिक फर्मो द्वारा समान दरें प्राप्त करायी जाती है तो निर्णय लाटरी के माध्यम से सम्बन्धित फर्मो के समक्ष किया जायेगा।

14. यदि किसी कार्मिक को कार्य करते समय अथवा कार्य पर आते–जाते समय चोट लगती है तो उसके इलाज एवं क्षतिपूर्ति की भरपायी सम्बन्धित फर्म को करनी होगी।

15. लिया गया कार्य तय समय सीमा में आपको करना होगा। फर्म के कार्मिकों द्वारा निगम सम्पत्ति को किसी भी प्रकार की क्षति पहुचाई जाती है तो उसके लिये फर्म स्वयं जिम्मेदार होगी।

16. कार्य करते समय उपलब्ध कराये गये स्पेयर आदि की क्षति कार्मिक के दोष/लापरवाही के कारण होने की दशा में क्षति की वसूली फर्म के देयको से की जायेगी।

17. यदि समय से आप के द्वारा निर्धारित कार्य न किये जाने की वजह से वाहन संचालित नहीं होती है तो उक्त स्थगित कि0मी0 की, निविदा दर से दौगुनी धनराशि की वसूली फर्म के देयको से की जायेगी।

18. वर्क आर्डर/टेण्डर/निविदा को बिना कोई कारण बताये किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।

19. फर्म के द्वारा जिन कार्मिकों से कार्य कराया जायेगा उसकी नामवार सूची सहित पूर्ण बायोडाटा आधार कार्ड, फोटोग्राफ सहित एवं परिचय पत्र के साथ कार्यग्रहण के पूर्व कार्यालय मे प्राप्त कराया जायेगा एवं फर्म द्वारा लगाये गये प्रत्येक कार्मिक का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा एवं परिवहन निगम के मानक के अनुसार कार्मिक का ड्रेस कोड अनिवार्य होगा।

20. कार्मिको की संख्या प्रोरेटा के आधार पर होनी चाहिए, आवश्यक कार्मिकों से कार्मिकों की संख्या कम होने पर कार्मिको हेतु प्रोरेटा आधार पर मासिक बिल से कटौती की जायेगी।

21. निविदा में भागीदारी करने के लिये, निविदा फार्म UPSRTC की website - www.upsrtc.com से डाउन लोड कर, उपरोक्त **प्रत्येक यूनिट/कार्यशाला के लिये (पृथक–पृथक) निविदा फीस Service Manager, UPSRTC-Etawah के नाम रू0 1000.00 एक हजार + (18% G.S.T. अतिरिक्त) कुल 2360.00 एवं अरनेस्ट मनी ड्राफ्ट रू0 100,000.00 (एक लाख रू.) कुल 200000.00 संलग्न कर,** निविदा के साथ दिये प्रारूप अनुसार अपनी **टैक्नीकल विड** एवं **फाईनैन्शियल विड** को अलग–अलग लिफाफे में रखकर उन्हें एक **बडे सील्ड लिफाफे में निविदा स्थान अंकित करते हुये नियत अन्तिम तिथि के समय पूर्व सभी संलग्नकों के साथ कार्यालय में प्राप्त कराना अनिवार्य होगा।** निविदा फीस किसी भी दशा में रिफण्ड नहीं होगी। यदि किसी निविदा के साथ निविदा फीस एवं अरनेस्ट मनी बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं पाये जाते है, अथवा फर्म के अपूर्ण एवं अस्पष्ट भरे हुये निविदा प्रपत्रों पर



Scanned with OKEN Scanner

विचार नहीं किया जायेगा। उक्त धनराशि सेवा प्रबन्धक इटावा के खाते में टेण्डर Apply करने से पूर्व जमा कराना होगा। खाते का विवरण निम्नवत् है। (पंजाब नेशनल बैंक, पूर्व सावितगंज इटावा)

A/c No. 0163002100025709

IFS Code-- PUNB0016300

22. प्रस्तावित निविदा में फर्म चयनित करने हेतु क्षेत्रीय समिति पूर्ण रूप से अधिकृत होगी साथ ही स्थितियों को देखते हुये किसी भी प्रकार का निर्णय लेने के लिए तथा निविदा के नियम/शर्तो मे परिवर्तन करने हेतु अधिकृत होगी जिसकी सूचना नोटिस बोर्ड माध्यम से दी जायेगी। जिसे समस्त निविदादाताओं को मान्य होगा।
23. उपरोक्त के अतिरिक्त कोई नियम एवं शर्त निविदा प्रकिया के दौरान निविदा में जोडी/हटायी जा सकती है। एवं निविदा प्रकिया कभी भी किसी भी स्थिति/स्टेज में निरस्त की जा सकती है।
24. किसी भी प्रकार का विवाद आदि होने पर आर्बीट्रेशन के अधीन होगा जिसका अन्तिम निर्णय मुख्य प्रधान प्रबन्धक(प्रावि0) महोदय निगम मुख्यालय लखनऊ द्वारा किया जायेगा। जिसे दोनो पक्षों को स्वीकार करना होगा।
25. जो भी निविदादाता निविदा में सहभाग करेगा उसके लिये यह माना जायेगा कि उसको निविदा पत्र में अंकित समस्त शर्तो/नियम स्वीकार है।

**<u>निविदायें प्रेषित करने हेतु पता निम्नवत् होगा–</u>**

**सेवा प्रबन्धक कार्यालय,**
**पता–एमनीव विजन स्कूल के सामने**
**क्षेत्रीय कार्यशाला उ0प्र0 परिवहन निगम,**
**उदयपुरा, इटावाः– 206253**

**जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर**
(मुहर सहित)

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य प्रधान प्रबन्धक (प्रावि0)महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. प्रधान प्रबन्धक (एम0आई0एस0), परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ को निगम वेवसाइट पर अपलोड हेतु सादर प्रेषित।
3. क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, उ0प्र0 परिवहन निगम, इटावा।
4. सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (वित्त)/स0क्षे0लेखाधिकारी इटावा।
5. निगम की बेबसाइड www.upsrtc.com पर प्रदर्शित करने हेतु bablu@otpl.co.in, update@otpl.co.in & tender@upsrtc.com
6. सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 परिवहन निगम, इटावा/औरैया/शिकोहावाद/मैनपुरी/फर्रुखावाद/बेवर को सूचनार्थ।
7. नोटिस बोर्ड चस्पा हेतु (क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय/सेवा प्रबन्धक कार्यालय) ।

**सेवा प्रबन्धक,**
**इटावा**



Scanned with OKEN Scanner

प्रारूप –अ (टैक्नीकल विड) ........................................................ कार्यशाला हेतु निविदा

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम | |
| 2 | पूर्ण पता– | |
| 3 | टेलीफोन नं0 | |
| 4 | ई–मेल आई0डी0 | |
| 5 | जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नं0 | प्रमाण पत्र संलग्न (स्वप्रमाणित) |
| 6 | इनकम टैक्स रिटर्न ( अन्तिम वर्ष ) | प्रमाण पत्र संलग्न (स्वप्रमाणित) |
| 7 | पैनकार्ड की स्वप्रमाणित प्रति | प्रमाण पत्र संलग्न (स्वप्रमाणित) |
| 8 | कार्य अनुभव प्रमाण पत्र | प्रमाण पत्र संलग्न |
| 9 | बैंक का नाम/खाता सं0/ आई0एफ0एस0सी0 कोड | प्रमाण पत्र संलग्न (निरस्त चैक) |
| 10 | पी0एफ0 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र | प्रमाण पत्र संलग्न (स्वप्रमाणित) |
| 11 | ई0एस0आई0 प्रमाण पत्र | प्रमाण पत्र संलग्न (स्वप्रमाणित) |
| 12 | आधार कार्ड | संलग्न (स्वप्रमाणित) |
| 13 | निविदा में भागीदारी हेतु आवश्यक अर्हता का प्रमाण पत्र। | प्रमाण पत्र संलग्न (स्वप्रमाणित) |
| 14 | फर्म द्वारा दिया गया घोषणा पत्र प्रारूप–01 | संलग्न |
| 15 | फर्म द्वारा दिया गया शपथ पत्र, प्रारूप–02 के अनुसार। | संलग्न |

**पात्रता का आंकलनः**–(संलग्न अनिवार्य है)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नॉन रिफण्डेबल निविदा फीस **(Service Manager,UPSRTC-Etawah के नाम)** का विवरण **(1000+18%G.S.T.सहित)** प्रति डिपो कुल 2360.00 | |
| | बैंक का नाम एवं ड्राफ्ट सं0 | |
| | ऑनलाईन भुगतान विवरण | |
| | बैंक द्वारा जारी करने की दिनांक | |
| 2 | **E.M.D.** का विवरण **(रू0 1,00000.00) (Service Manager,UPSRTC-Etawah के नाम)** प्रति डिपो कुल 2,00000.00 | |
| | बैंक का नाम एवं ड्राफ्ट सं0 | |
| | ऑनलाईन भुगतान विवरण | |
| | बैंक द्वारा जारी करने की दिनांक | |

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर | |
| हस्ताक्षरकर्ता का नाम | |
| पदनाम | |
| दिनांक | |
| अधिकारिक मुहर | |



Scanned with OKEN Scanner

## घोषणा पत्र का प्रारूपः– प्रारूप 1

मैं/हम जिसके हस्ताक्षर नीचे अंकित है, ने निविदा प्रपत्र की सभी नियम एवं शर्तो को पढकर भली–भांति समझ लिया है। मैं यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि निविदा में उल्लिखित समस्त शर्ते एवं नियम मुझे मान्य है तथा हम उन सभी शर्तो एवं नियमों का अनुपालन करने के लिये कृतसंकल्प है। मैंने/हमने यह प्रस्ताव UNDER POWER LAWFULL POWER OF ATTORNEY के अन्तर्गत हस्ताक्षर कर जमा किया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मुझे अथवा हमारी PRINCIPAL FIRM को अनुबन्ध को हस्ताक्षर करने में कोई आपत्ति नहीं हैं।

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर | |
| हस्ताक्षरकर्ता का नाम | |
| पदनाम | |
| दिनांक | |
| सील/मुहर | |

## नोटरी शपथ पत्र का प्रारूपः– प्रारूप 02

मैं/हम ....................................................................शपथ पूर्ण घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते है कि, मैं अथवा मेरी फर्म जो इस निविदा में भागीदारी कर रही है, को केन्द्रीय/राज्य सरकार के किसी भी शासकीय विभाग अथवा केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार के किसी भी उपकम तथा किसी भी राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।

निविदाकार के हस्ताक्षर
मुहर/सील सहित



Signature Not Verified
Digitally signed by SUNIL KUMAR NAGAR
Date: 2026.05.13 15:55:34 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

Scanned with OKEN Scanner